19/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने कहा कि बीएसएनएल द्वारा संचालित परियोजना भारत-नेट चरण-3 के तहत राज्य की सभी 2018 ग्राम पंचायतों को 4जी इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। श्री खाण्डू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस परियोजना में राज्य के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्र शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएनएल ने कार्यान्वयन भागीदार के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत अरुणाचल में उल्लेखनीय काम हुआ है और राज्य के लोग बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी के कारण बैंक खातों में सुविधा का लाभ भी आसानी से उठा रहे हैं। 000000000000000000

रक्षा सूत्रों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत शुक्रवार को वेस्ट कामेंग जिले के कामेंग नदी में पानी की तेज धारा में भारतीय वायुसेना के एक हवलदार और उनके 14 वर्षीय बेटे बह गए। दोनों की तलाश अभियान अभी जारी है। सलोनीबाड़ी में भारतीय वायुसेना के शिविर में तैनात हवलदार बापी घोष गुरुवार शाम को अपने पत्नी और बेटे के साथ भालुकपुंग घूमने आए थे। बताया जा रहा है कि इसी बीच उनका बेटा फिसलकर नदी में गिर गया और अपने बेटे को बचाने के लिए बापी घोष भी नदी में कूद गया और दोनों ही पानी की तेज धारा में बह गए।

000000000000000000

राज्य के शिक्षा मंत्री पीडी सोना 'चिंतन शिविर-सह-शिक्षा सम्मेलन' कार्यक्रम के अंतर्गत अपर सियांग जिले के यिंगकियोंग का दौरा कर राज्य में इंटर विलेज स्कूलों को लागू करने के लिए पीआरआई नेताओं, गैर सरकारी संगठनों और सीबीओ से सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। यहां चिंतन शिविर के बाद एक बैठक में भाग लेते हुए श्री सोना ने अरुणाचल में व्यावसायिक शिक्षण पद्धति को मजबूत करने का आश्वासन दिया। अपर सियांग जिले की उनकी यात्रा मौजूदा सरकारी स्कूलों की जमीनी हकीकत को समझने के लिए है ताकि पूरे राज्य में प्राथमिकता के आधार पर स्कूलों को उचित रूप से जोड़ा जा सके। श्री सोना ने कहा, "छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए, हमें इसे उचित निष्कर्ष निकालने की जरूरत है।"

00000000000000000

अरुणाचल कराटे-डू एसोसिएशन (AKA) ने प्रेसिडेंट सह विधायक लीखा सोनी और चेयरमैन शिहान लीखा तारा के नेतृत्व में शुक्रवार को अपने मीडिया सलाहकार और राज्य के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार बेहरा को उनके गृह राज्य ओडिशा रवाना होने से पहले सम्मानित किया। श्री बेहरा को राज्य के मीडिया में एक पथ-प्रदर्शक बताते हुए विधायक ने कहा कि उनकी बहुमूल्य सेवाएं भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज की जाएंगी। श्री बेहरा ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन केंद्र ईटानगर से भी जुड़े हुए हैं।

00000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी और सेंट क्लैरेट कॉलेज ने शुक्रवार को सेंट क्लैरेट कॉलेज, जीरो में अपनी पहली स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में स्पेलिंग की आदतों के साथ कम्यूनिकेशन स्कील्स विकसित करना और एक्स्ट्रा कारिकुलर एक्टिविटीस के माध्यम से छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत करना शामिल था। इस आयोजन में पॉलिटिकल साइंस विभाग के पहले सेमेस्टर के छात्र रॉट ऑग टिंगवा ने पहला स्थान और SCCZ के अंग्रेजी विभाग से पुन्यो बिदा और इकोनॉमिक्स विभाग से मिहिन निपा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में डॉ. सोनीशा आर सिएम मास्टर स्पेलर थीं, जबकि जज ग्याति आम्पी और रणदीप दत्ता ने कार्यक्रम की देखरेख की।

0000000000000000

भारत में तंबाकू का सेवन, समय से पहले होने वाली मौतों और बीमारियों के प्रमुख कारणों में से एक है और देश में हर साल लगभग 1.35 मिलियन मौतें इसके कारण होती हैं। इसके तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत, वेस्ट सियांग जिले के जिला तंबाकू नियंत्रण सेल ने आलो टाउन के शैक्षणिक परिसरों के आसपास तंबाकू के सेवन पर छापे मारे ताकि ToFEI के अनुपालन की जांच की जा सके। जिसके तहत स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को चालान जारी किया गया और आलो में 30,000 से अधिक मूल्य के तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए और उन्हें जला दिया गया। 0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की रूपा बायोर ने इंडोनेशिया के तांगेरांग में 15 से 17 अक्टूबर 2024 को आयोजित कसाड 6वीं एशियाई ताइक्वांडो ओपन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने रूपा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि ने अरुणाचल प्रदेश और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। श्री खाण्डू ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें भविष्य के करियर के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह अपनी लगन और प्रतिभा से युवा एथलीटों को प्रेरित करती रहें।

0000000000000000

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के आवास पर आज सुबह एक ड्रोन हमला किया गया है। कैसरिया क्षेत्र में स्थित नेतन्याहू के आवास पर हिजबुल्ला ने यह ड्रोन हमला किया था। इस्राइल के प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास में नहीं थे। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस्राइली सेना ने पुष्टि की है कि इस्राइल के प्रधानमंत्री के आवास वाले मध्य शहर में एक ड्रोन से हमला किया गया था। दो और ड्रोन दागे गए थे। लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने से पहले उन्हें नष्ट कर दिया गया। इस बीच एक ऑनलाइन वक्तव्य में ईरान की सेना ने पुष्टि की है कि हिजबुल्ला का यह हमला दर्शाता है कि लेबनान के हमलावरों ने नेतन्याहू के आवास को ड्रोन हमले का निशाना बनाया था। ईरानी सेना ने नेतन्याहू के आवास के आसपास के क्षेत्र के दृश्यों को भी साझा किया है।

0000000000000000